भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1100

08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एन.ई.आई.जी.आर.आई.एच.एस. में रिक्त पद

1100. श्री विनसेंट एच. पाला:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार उत्तर-पूर्व इंदिरा गांधी क्षेत्रीय स्वास्थ्य और चिकित्सा विज्ञान संस्थान, शिलांग में स्वीकृत पद कितने हैं तथा आज की तिथि के अनुसार कितने पद रिक्त पड़े हैं;
(ख) क्या बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने संस्थान को छोड़ दिया है और यदि हां, तो गत पांच वर्षों के संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कारण क्या हैं;
(ग) गत दस वर्षों के दौरान नियुक्त किए गए नियमित और प्रभारी डॉक्टरों की संख्या क्या है; और
(घ) शिलांग और नई दिल्ली में आयोजित की गई शासी निकाय की बैठकों की संख्या और तिथि क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): जैसा कि एनईआईजीआरआईएचएमएस, शिलांग द्वारा सूचित किया गया है, संस्थान में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 2026 है, जिनमें से 660 पद रिक्त हैं।

5 वर्षों की अवधि में विभिन्न कारणों से लगभग कुछ संकाय सदस्यों ने संस्थान छोड़ दिया है।

पिछले दस वर्षों के दौरान, संस्थान में 3 नियमित निदेशकों और 2 प्रभारी निदेशकों की नियुक्ति की गई थी।

आज की तारीख तक, संस्थान की गवर्निंग काउंसिल की कुल 14 बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें से 10 बैठकें नई दिल्ली में और 4 बैठकें शिलांग में आयोजित की गईं थी।

*****